# U.P. Power Transmission Corporation Limited

## उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

Office Of The
Superintending Engineer (TP&PSS))
6th Floor, Shakti Bhawan Extn.
14-AshokMarg Lucknow-226001
Email I.D. setppssn@gmail.com
Phone : 0522-4108994

कार्यालयः
अधीक्षण अभियन्ता(टी.पी.एवं पीएसएस)
छठा तल, शक्ति भवन विस्तार,
14, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
दूरभाष : 0522-4108994

पत्रांक 5375–अधी0अभि0/टी0पी0एवं पी0एस0एस0/13वीं योजना/TWC

दिनांक : 29 सितम्बर, 2021

**विषय : उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 द्वारा गठित "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनांक 22.09.2021 को आहूत 13वीं योजनाकाल की 48वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त।**

1– श्री पी0 गुरूप्रसाद, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं अध्यक्ष समिति।

2– श्री वी0के0 खरे, निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।

3– श्री अनिल जैन, निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।

4– श्री ए0एस0 कुशवाहा, निदेशक(एस0एल0डी0सी0), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।

5– श्री आर0के0 श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।

6– श्री अनिल जैन, निदेशक (नियोजन एवं वाणिज्य), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।

7– मुख्य अभियन्ता (ऊर्जा प्रणाली), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, एवं स्थायी आमन्त्री, विभूति खण्ड–II, निकट मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ।

8– मुख्य अभियन्ता (पी0पी0एम0एम0), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 एवं स्थायी आमन्त्री, 7वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

9– मुख्य अभियन्ता (नियोजन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

**"पारेषण कार्य अनुमोदन समिति"** की 13वीं योजनाकाल की दिनांक 22.09.2021 को आहूत 48वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त संलग्न है। यह कार्यवृत्त उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 की बेवसाइट **www.upptcl.org** के **ongoing transmission works** लिंक पर भी उपलब्ध है।

संलग्नकः यथोपरि।

(ए0के0 शुक्ला)
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पी0एस0एस0)
एवं सदस्य संयोजक

## उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 की "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनाँक 22.09.2021 को सम्पन्न 13वीं योजनाकाल की 48वीं बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थितिः–

सदस्यः–

1. श्री पी0 गुरूप्रसाद : प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं अध्यक्ष।
2. श्री वी0के0 खरे : निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
3. श्री आर0 के0 श्रीवास्तव : निदेशक (वित्त), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
4. श्री अनिल जैन : निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
5. श्री ए0एस0 कुशवांहा : निदेशक (एस0एल0डी0सी0), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
6. श्री अनिल जैन : निदेशक (नियोजन एंव वाणिज्य), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
7. श्री अंजनी कुमार शुक्ला : अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पीएसएस) एवं संयोजक सदस्य।

अन्यः–

1. श्री सत्येन्द्र कुमार : अधिशासी अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0।
2. श्री दीपक कुमार जायसवालः अधिशासी अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0।

निदेशक (ऑपरेशन) एवं वितरण क्षेत्रों से प्राप्त पारेषण कार्यों के प्रस्तावों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति ने निम्न निर्णय लिये :–

### (क) नये उपकेन्द्र निर्माण कार्यः–

### 1. 132 के0वी0 2x40 एम0वी0ए0 रामनगर (बाराबंकी) उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।

वर्तमान में तहसील रामनगर एवं आस–पास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 132 के0वी0 बाराबंकी (2x63एम0वी0ए0) उपकेन्द्र द्वारा की जाती है। 132 के0वी0 बाराबंकी को पोषित करने वाले बाराबंकी (220) – बाराबंकी लाइन अतिभारित है तथा 132 के0वी0 बाराबंकी उपकेन्द्र से 33 के0वी0 पोषकों की लम्बाई अत्यधिक होने के कारण क्षेत्र में लो वोल्टेज तथा अतिभारिता की समस्या अनवरत बनी रहती है। साथ ही 132 के0वी0 बाराबंकी उपकेन्द्र पर अतिरिक्त 33 के0वी0 'बे' उपलब्ध न होने के कारण एक ही 33 के0वी0 पोषक पर कई उपकेन्द्र पोषित किये जा रहे है जिससे रामनगर एवं आस–पास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न होता है। उक्त समस्या के समाधान हेतु क्षेत्र द्वारा एक नये 132 के0वी0 (2x40एम0वी0ए0) रामनगर उपकेन्द्र प्रस्तावित है। उपकेन्द्र निर्माण उपरान्त म0वि0वि0नि0लि0 के 33 के0वी0 उपकेन्द्र यथा 33 के0वी0 रामनगर, रामनगर तहसील, रामनगर (IPDS), गौसपुर, गौसपुर तहसील, मसौली, त्रिलोकपुर, सुरतगंज एवं सुदियामऊ इत्यादि उपकेन्द्र पोषित होगें। विद्युत उपकेन्द्र निर्माण हेतु ग्राम मरकामऊ, तहसील सिरौली गौसपुर में ग्राम समाज की 3.7 एकड़ भूमि उपलब्ध है। यह संज्ञान में लाना है कि उक्त प्रस्ताव को 13वीं योजनाकाल की 47वीं बैठक में प्रेषित किया गया था परन्तु समिति द्वारा क्षेत्रीय अधिकारियों को प्राक्कलन वित्तीय वर्ष 2021–22 के एस0ओ0आर0 अनुसार प्रेषित करने हेतु निदेशित किया गया था।

अतः उक्त के दृष्टिगत क्षेत्र द्वारा एस0ओ0आर0 2021–22 से प्रेषित प्रस्ताव पर समिति द्वारा निर्माण कार्य निम्नवत् अनुमोदित किया गयाः–

- **132 के0वी0 2x40एम0वी0ए0 रामनगर (बाराबंकी) उपकेन्द्र का निर्माण कार्य (डबल मेन ट्रान्सफर बस)।**
- **132 के0वी0 बाराबंकी (220) – रामनगर एस0 सी0 लाइन का डी0सी0 टावर पर निर्माण कार्य – 38 किमी0।**
- **132 के0वी0 निन्दुरा – रामनगर एस0 सी0 लाइन का डी0सी0 टावर पर निर्माण कार्य – 49 किमी0।**
- **220 के0वी0 बाराबंकी उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' निर्माण – 1 अदद।**
- **132 के0वी0 निन्दुरा उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' निर्माण – 1 अदद।**

**अनुमानित व्यय रू0 60.03 करोड़**

## (ख) द्वितीय स्त्रोत सम्बन्धी निर्माण कार्यः–

### 1- 132 के0वी0 कुसमारा (मैनपुरी) – ताखा (इटावा) एस0सी0 लाइन का निर्माण कार्य :–

वर्तमान में 132 के0वी0 ताखा उपकेन्द्र (1x40+1x20एम0वी0ए0) की विद्युत आपूर्ति 220 के0वी0 सैफई उपकेन्द्र द्वारा की जाती है। 132 के0वी0 सैफई (220) – ताखा एस0सी0 लाइन ब्रेकडाउन होने पर विद्युत आपूर्ति वाधित होती है। 132 के0वी0 ताखा उपकेन्द्र को द्वितीय स्त्रोत उपलब्ध कराने हेतु क्षेत्र द्वारा 132 के0वी0 ताखा – कुसमारा एस0सी0 लाइन निर्माण का प्रस्ताव प्रेषित है। 132 के0वी0 कुसमारा उपकेन्द्र 220 के0वी0 मैनपुरी एवं छिवरामऊ उपकेन्द्र से पोषित है। यह संज्ञान में लाना है कि उक्त प्रस्ताव को 13वीं योजनाकाल की 47वीं बैठक में प्रेषित किया गया था परन्तु समिति द्वारा क्षेत्रीय अधिकारियों को प्राक्कलन वित्तीय वर्ष 2021–22 के एस0ओ0आर0 अनुसार प्रेषित करने हेतु निदेशित किया गया था।

अतः उक्त के दृष्टिगत क्षेत्र द्वारा एस0ओ0आर0 2021–22 से प्रेषित प्रस्ताव पर समिति द्वारा निर्माण कार्य निम्नवत् अनुमोदित किया गयाः–

- **132 के0वी0 ताखा – कुसमारा एस0सी0 लाइन का निर्माण कार्य –27 किमी0।**
- **132 के0वी0 कुसमारा (मैनपुरी) उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' (SAS) निर्माण – 1 अदद।**
- **132 के0वी0 ताखा (इटावा) उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' (SAS) निर्माण – 1 अदद एवं 132 के0वी0 लाइन 'बे' के विस्थापन का कार्य ।**

**अनुमानित व्यय रू0 15.87 करोड़**

**नोट** – *समिति द्वारा निदेशित किया गया कि उपकेन्द्र पर 'बे' निर्माण की अवधि लाइन निर्माण की अवधि से कम होने के कारण, मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–मध्य) सुनिश्चित करेंगे कि लाइन निर्माण एवं उपकेन्द्र पर 'बे' निर्माण का कार्य समान समयावधि मे पूर्ण हो जिससे 'बे' अप्रयोज्य न रहे।*

## 2- सिरसागंज (220) – जसवंतनगर (इटावा) 132 के0वी0 एस0 सी0 लाइन का निर्माण कार्यः–

वर्तमान में 132 के0वी0 जसवंतनगर उपकेन्द्र (2x40एम0वी0ए0) की विद्युत आपूर्ति 220 के0वी0 सैफई उपकेन्द्र द्वारा की जाती है। 132 के0वी0 सैफई (220) – जसवंतनगर एस0सी0 लाइन ब्रेकडाउन होने पर विद्युत आपूर्ति वाधित होती है। यह संज्ञान में लाना है कि उक्त प्रस्ताव को 13वीं योजनाकाल की 47वीं बैठक में प्रेषित किया गया था परन्तु समिति द्वारा क्षेत्रीय अधिकारियों को प्राक्कलन वित्तीय वर्ष 2021–22 के एस0ओ0आर0 अनुसार प्रेषित करने हेतु निदेशित किया गया था।

अतः उक्त के दृष्टिगत क्षेत्र द्वारा एस0ओ0आर0 2021–22 से प्रेषित प्रस्ताव पर समिति द्वारा निर्माण कार्य निम्नवत् अनुमोदित किया गयाः–

- **132 के0वी0 सिरसागंज (220) – जसवंतनगर एस0सी0 लाइन का निर्माण कार्य –35 किमी0।**
- **220 के0वी0 सिरसागंज उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' (SAS) निर्माण – 1 अद्द।**
- **132 के0वी0 जसवंतनगर उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' (SAS) निर्माण – 1 अद्द एवं 132 के0वी0 लाइन 'बे' के विस्थापन का कार्य ।**

**अनुमानित व्यय रू0 19.04 करोड़**

**नोट** – *समिति द्वारा निदेशित किया गया कि उपकेन्द्र पर 'बे' निर्माण की अवधि लाइन निर्माण की अवधि से कम होने के कारण, मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–मध्य) सुनिश्चित करेंगे कि लाइन निर्माण एवं उपकेन्द्र पर 'बे' निर्माण का कार्य समान समयावधि मे पूर्ण हो जिससे 'बे' अप्रयोज्य न रहे।*

## 3- मऊरानीपुर(132)–गुरसराय(132) 132 के0वी0 एस0 सी0 लाइन का निर्माण कार्यः–

वर्तमान में 132 के0वी0 मऊरानीपुर (2x40एम0वी0ए0) एवं गुरसराय (2x40एम0वी0ए0) उपकेन्द्र एकल स्त्रोत द्वारा क्रमशः पारीक्षा टी0पी0एस0 एव 132 के0वी0 मोठ उपकेन्द्र द्वारा पोषित है। 132 के0वी0 मऊरानीपुर–पारीक्षा टी0पी0एस0 एस0सी0 लाइन एवं गुरसराय–मोठ एस0सी0 लाइन में ब्रेकडाउन होने पर विद्युत आपूर्ति वाधित होती है। 132 के0वी0 मऊरानीपुर एवं गुरसराय उपकेन्द्र को द्वितीय स्त्रोत उपलब्ध कराने हेतु मऊरानीपुर(132)–गुरसराय(132) एस0सी0 लाइन का निर्माण क्षेत्र द्वारा प्रस्तावित है। यह संज्ञान में लाना है कि उक्त प्रस्ताव को 13वीं योजनाकाल की 47वीं बैठक में प्रेषित किया गया था परन्तु समिति द्वारा क्षेत्रीय अधिकारियों को प्राक्कलन वित्तीय वर्ष 2021–22 के एस0ओ0आर0 अनुसार प्रेषित करने हेतु निदेशित किया गया था।

अतः उक्त के दृष्टिगत क्षेत्र द्वारा एस0ओ0आर0 2021–22 से प्रेषित प्रस्ताव पर समिति द्वारा निर्माण कार्य निम्नवत् अनुमोदित किया गयाः–

- **132 के0वी0 मऊरानीपुर(132)–गुरसराय(132) एस0सी0 लाइन का डी0सी0 टावर पर निर्माण कार्य –48 किमी0।**
- **132 के0वी0 मऊरानीपुर उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' निर्माण – 1 अद्द।**

- 132 के0वी0 गुरसराय उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' (SAS) निर्माण – 1 अद्द।
- 132 के0वी0 मऊरानीपुर उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 रेडियल 'बे' को 132 के0वी0 नार्मल 'बे' में बदलने का कार्य।

**अनुमानित व्यय रू0 22.26 करोड़**

**नोट** – *समिति द्वारा निदेशित किया गया कि उपकेन्द्र पर 'बे' निर्माण की अवधि लाइन निर्माण की अवधि से कम होने के कारण, मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–मध्य) सुनिश्चित करेंगे कि लाइन निर्माण एवं उपकेन्द्र पर 'बे' निर्माण का कार्य समान समयावधि मे पूर्ण हो जिससे 'बे' अप्रयोज्य न रहे।*

## (ग) रेलवे सम्बन्धी निर्माण कार्य (जमा मद में):–

### 1- 132 के0वी0 मिल्कीपुर (अयोध्या) – रौजागांव TSS लाइन का 'बे' सहित निर्माण कार्य:–

क्षेत्र से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार रेलवे विद्युतीकरण हेतु क्षेत्र में स्थापित होने वाले TSS रेलवे स्टेशन रौजागांव को विद्युत आपूर्ति करने हेतु 132 के0वी0 उपकेन्द्र मिल्कीपुर (अयोध्या) से रौजागांव TSS लाइन एवं 'बे' निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया।

संज्ञानित कराना है कि उक्त प्रस्ताव पारेषण कार्य अनुमोदन समिति के समक्ष 13वीं योजनाकाल की 47वीं बैठक में प्रेषित किया गया था। समिति द्वारा क्षेत्रीय अधिकारियों को निदेशित किया गया था कि रौजागांव TSS को विद्युत आपूर्ति हेतु निकटतम उपकेन्द्र 132 के0वी0 रूदौली पर 132 के0वी0 TSS 'बे' निर्माण हेतु भूमि रेलवे द्वारा उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त प्राक्कलित प्रस्ताव का भी अध्ययन किया जाये एवं उपरोक्त प्रस्तावित 132 के0वी0 मिल्कीपुर उपकेन्द्र पर TSS सम्बन्धी प्रस्ताव के साथ कास्ट बेनिफिट एनालिसिस उपरान्त उचित प्रस्ताव का वाक ओवर सर्वे एवं एस0ओ0आर0 वित्तीय वर्ष 2021–22 के अनुसार आगामी टी0डब्ल्यू0सी0 बैठक में पुनः संशोधित प्रस्ताव प्रेषित करें।

उक्त के अनुक्रम में क्षेत्र द्वारा द्वितीय विकल्प 132 के0वी0 रूदौली उपकेन्द्र के विस्तारीकरण हेतु भूमि की अनुपलब्धता सूचित किया है जिससे 132 के0वी0 रूदौली उपकेन्द्र से TSS को विद्युत आपूर्ति देना संभव नहीं है। रौजागांव TSS की विद्युत आपूर्ति हेतु 132 के0वी0 मिल्कीपुर उपकेन्द्र द्वारा ही सम्भव है जिसपर रेलवे विभाग द्वारा भी सहमति प्रदान की गयी है।

अतः उक्त के दृष्टिगत क्षेत्र द्वारा एस0ओ0आर0 2021–22 से प्रेषित प्रस्ताव पर समिति द्वारा निर्माण कार्य जमा मद में निम्नवत् अनुमोदित किया गया:–

- मिल्कीपुर (132)– रौजागांव (TSS) 132 के0वी0 एस0सी0 2 फेज TSS लाइन का डीसी टावर पर निर्माण कार्य – 42.5 किमी0
- 132 के0वी0 मिल्कीपुर (अयोध्या) उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' –1 अद्द।
- 132 के0वी0 मिल्कीपुर उपकेन्द्र पर मेन बस का विस्तारीकरण।
- 132 के0वी0 मिल्कीपुर उपकेन्द्र पर ट्रान्सफर बस का विस्तारीकरण एवं अन्य कार्य।

**अनुमानित लागत रू0 23.95 करोड़**
**(जमा मद में)**

(घ) पूर्व अनुमोदित कार्यों में संशोधन के अनुमोदन सम्बन्धी :–

1– **डिफेन्स कारिडोर को विद्युत आपूर्ति हेतु 220/132 के0वी0 (1x160) मोठ (विद्यमान मोठ 132/33 के0वी0 उपकेन्द्र का उच्चीकरण) एवं 132/33 के0वी0 (2x40) एरच उपकेन्द्र का निर्माण कार्य (UPPTCL के व्यय पर):–**

"पारेषण कार्य अनुमोदन समिति की दिनॉक 10.06.2020 को सम्पन्न 13वीं योजनाकाल की 33वीं बैठक में डिफेन्स कारिडोर को विद्युत आपूर्ति हेतु 220/132 के0वी0 (1x160) मोठ (विद्यमान मोठ 132/33 के0वी0 उपकेन्द्र का उच्चीकरण) एवं 132/33 के0वी0 (2x40) एरच उपकेन्द्र का निर्माण कार्य उप्रपाट्राकालि के व्यय पर अनुमोदित किया गया था। उक्त अनुमोदित प्रस्ताव में 132 के0वी0 एरच उपकेन्द्र को पोषित करने हेतु 132 के0वी0 मोठ–उरई(220) लाइन का 132 के0वी0 एरच पर लीलो– 20 (1x10+1x10) किमी0 ( हाई विण्ड जोन के दृष्टिगत 02 अद्द 132 के0वी0 एस0सी0 लाइन डी0सी0 टावर पर) अनुमोदित किया गया था। क्षेत्र द्वारा सूचित किया गया कि अलग–अलग दोनों एस0सी0 लाइनों के मार्ग में रिवर कासिंग तथा एक एस0सी0 लाइन के मार्ग में वन क्षेत्र आने के कारण आर0ओ0डब्ल्यू0 सम्भावित है।

उक्त के दृष्टिगत 132 के0वी0 मोठ–उरई(220) लाइन का 132 के0वी0 एरच पर लीलो हेतु अलग अलग एस0सी0 लाइन के स्थान पर एक अद्द डबल सर्किट लीलो लाइन का निर्माण सम्बन्धी प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

अतः उक्त के दृष्टिगत समिति द्वारा निर्माण कार्य निम्नवत् अनुमोदित किया गया:–

| समिति की 13वीं योजनाकाल की 33वीं बैठक दिनॉक 10.06.2020 में अनुमोदित प्रस्ताव का विवरण | संशोधित प्रस्ताव का विवरण |
|---|---|
| 220 के0वी0 1x160 एम0वी0ए0 मोठ का उपकेन्द्र निर्माण (डबल मेन, ट्रांसफर) | यथावत् |
| 132 के0वी0 2x40 एम0वी0ए0 एरच, गरोठा (झांसी) उपकेन्द्र का निर्माण (डबल मेन, ट्रांसफर) | यथावत् |
| 132 के0वी0 मोठ–उरई(220) लाइन का 132 के0वी0 एरच पर लीलो – 20 किमी0 (02 अद्द 132 के0वी0 एस0सी0 लाइन डी0सी0 टावर पर) | 132 के0वी0 मोठ–उरई(220) लाइन का 132 के0वी0 एरच पर लीलो (एक अद्द डबल सर्किट टावर पर लीलो लाइन का निर्माण) – 8.2 किमी0 |
| 220 के0वी0 पारीछा (TPS)–उरई(220) सर्किट–।। का मोठ (220) उपकेन्द्र पर लीलो –20 किमी0 | यथावत् |
| अनुमानित व्यय– रू0 81.70 करोड़<br>सम्पर्क मार्ग निर्माण (वैकल्पिक)– रू 2.46<br>कुल अनुमानित व्यय– रू0 84.16 करोड़ | अनुमानित व्यय– रू0 80.01 करोड़<br>सम्पर्क मार्ग निर्माण (वैकल्पिक)– रू 2.46<br>कुल अनुमानित व्यय– रू0 82.47 करोड़<br>संशोधन उपरान्त अतिरिक्ति अनुमानित व्यय– शून्य |

**2— 132/33 के0वी0, 2X63 एम0वी0ए0 GIS उपकेन्द्र करेली (प्रयागराज) का निर्माण कार्य (डबल मेन) :—**


"पारेषण कार्य अनुमोदन समिति की दिनॉक 02.11.2018 को सम्पन्न 13वीं योजनाकाल की 15वीं बैठक में 132/33 के0वी0 करेली GIS उपकेन्द्र का निर्माण प्रयागराज कैण्ट(220)—करेली 132 के0वी0 डी0सी0 लाइन (भूमिगत केबिल एवं मोनोपोल द्वारा) – 4.5 किमी0 के साथ अनुमोदित किया गया था। प्रस्तावित लाइन के रूट कॉरिडोर में मै0 आई0ओ0सी0एल0 का आर0ओ0डब्ल्यू0 के कारण 13वीं योजनाकाल की 31वीं बैठक दिनांक 11.02.2020 को संशोधित करते हुये 132 के0वी0 रीवा रोड(220)—ओ0पी0एच0 (प्रयागराज) एस0सी0 लाइन का लीलो करेली उपकेन्द्र पर अनुमादित किया गया।

उक्त के संदर्भ में क्षेत्र द्वारा पुनः अवगत कराया गया कि अनुमोदित लीलो लाइन में निम्न तकनीकी समस्या दृष्टिगत हैः—

I. 220 के0वी0 रीवा रोड या 220 के0वी0 कैण्ट उपकेन्द्र की विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में 132 के0वी0 ओ0पी0एच0 एवं 132 के0वी0 करेली उपकेन्द्र पर अवस्थित भूमिगत केबिल की क्षमता (630 sq. mm) के दृष्टिगत दोनों उपकेन्द्र पर लोड शेडिंग अनिवार्य हो जायेगा।

II. 132 के0वी0 ओ0पी0एच0—करेली लाइन के दोनों छोर पर भूमिगत केबिल एवं मध्य में ओवर हेड लाइन अवस्थित होने के कारण लाइन प्रोटेक्सन हेतु स्थापित रिले में रिले सेटिंग की समस्या उत्पन्न होगी।

अतः उक्त समस्या को ध्यान में रखते हुए 132 के0वी0 ओ0पी0एच0 एवं करेली उपकेन्द्र पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं N-1 contengency उपलब्ध कराने हेतु 132 के0वी0 ओ0पी0एच0 उपकेन्द्र पर अवस्थित भूमिगत केबिल का **रि—ओरिएण्टेशन** करते हुए 220 के0वी0 कैण्ट उपकेन्द्र के स्विचयार्ड पर टर्मिनेट किया जाये एवं 220 के0वी0 कैण्ट उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 02 अद्द 'बे' निर्माण किया जाये तथा 132 के0वी0 रीवा रोड(220)—ओ0पी0एच0 (प्रयागराज) एस0सी0 लाइन का लीलो पश्चात 132 के0वी0 रीवा रोड(220)—करेली—प्रयागराज कैण्ट(220) लाइन होगी।




अतः उक्त के दृष्टिगत समिति द्वारा निर्माण कार्य निम्नवत् अनुमोदित किया गयाः—

| समिति की 13वीं योजनाकाल की 15वीं बैठक दिनॉक 02.11.2018 में अनुमोदित प्रस्ताव का विवरण | समिति की 13वीं योजनाकाल की 31वीं बैठक दिनॉक 11.02.2020 में अनुमोदित प्रस्ताव का विवरण | संशोधित प्रस्ताव का अनुमोदन |
|---|---|---|
| 132/33 के0वी0, 2X63 एम0वी0ए0 GIS उपकेन्द्र करेली (प्रयागराज) का निर्माण(डबल मेन) | यथावत् | यथावत् |
| प्रयागराज कैण्ट(220)–करेली 132 के0वी0 डी0सी0 लाइन का भूमिगत केबिल एवं मोनोपोल द्वारा निर्माण कार्य – 4.5 कि0मी0 (0.5 किमी0 भूमिगत डबल सर्किट केबिल + 4 किमी0 मोनोपोल पर) | 132 के0वी0 रीवा रोड(220)–ओ0पी0एच0 GIS (132) लाइन का करेली उपकेन्द्र पर लीलो– 4 किमी0 {1 किमी0 भूमिगत डबल सर्किट (630 Sq.mm. एल्यूमिनियम केबिल) + 3 किमी0 नैरोबेस टावर पर} *(132 के0वी0 की लाइन का नैरोबेस टावर पर निर्माण की वास्तविक आवश्यकता एवं तद्नुसार सक्षम समिति की अनुशंसानुसार)* | 132 के0वी0 रीवा रोड(220)–ओ0पी0एच0 GIS (132) लाइन का करेली उपकेन्द्र पर लीलो (लीलो पश्चात 132 के0वी0 रीवा रोड(220)–करेली–प्रयागराज कैण्ट(220) लाइन होगी) {2x1.2 किमी0 भूमिगत डबल सर्किट (630 Sq.mm. एल्यूमिनियम केबिल) + 3 किमी0 ओवरहेड लाइन का सामान्य टावर पर निर्माण कार्य} एवं ओ0पी0एच0 उपकेन्द्र को पोषित करने वाली 132 के0वी0 भूमिगत केबिल का प्रयागराज कैण्ट(220) पर रि–ओरिएण्टेशन का कार्य (रि–ओरिएण्टेशन पश्चात ओ0पी0एच0– प्रयागराज कैण्ट(220) 132 के0वी0 डी0सी0 लाइन होगी) |
| प्रयागराज कैण्ट(220) पर 132 के0वी0 फीडर 'बे'– 2 अदद | – | प्रयागराज कैण्ट(220) पर 132 के0वी0 फीडर 'बे'– 2 अदद |
| – | – | 132 के0वी0 रीवा रोड(220)–कैण्ट (220) लाइन पर अर्थवायर को ओ0पी0जी0डब्ल्यू0 में बदलने का कार्य– 11 किमी0 |
| **अनुमानित व्यय– रू0 52.94 करोड़** | **अनुमानित व्यय– रू0 51.83 करोड़ संशोधन उपरान्त अतिरिक्ति अनुमानित व्यय– शून्य** | **अनुमानित व्यय – रू0 51.36 करोड़ संशोधन उपरान्त अतिरिक्ति अनुमानित व्यय– शून्य** |

## 3– 220 के0वी0 बाराबंकी उपकेन्द्र पर 220 के0वी0 सतरिख रोड–बाराबंकी (220) डीसी लाइन संयोजित करने हेतु 'बे' निर्माण कार्य :–

"पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनॉक 30.01.2019 को सम्पन्न 13वीं योजनाकाल की 24वीं बैठक में 220/33 के0वी0 सतरिख रोड उपकेन्द्र एवं सम्बन्धित लाइन यथा बाराबंकी (220)– सतरिख रोड (जुग्गौर), लखनऊ 220 के0वी0 डीसी लाइन (25किमी0) अनुमोदित किया गया है। उक्त लाइन को 220 के0वी0 बाराबंकी उपकेन्द्र से संयोजित करने हेतु 220 के0वी0 02 अदद 'बे' का निर्माण 220 के0वी0 बाराबंकी उपकेन्द्र पर आवश्यक है। 13वीं योजनाकाल की 47वीं बैठक में क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा पारेषण कार्य अनुमोदन समिति को संज्ञानित कराया गया कि उक्त लाइन से सम्बन्धित बाराबंकी उपकेन्द्र पर दो नग 'बे' का कार्य, लाइन निर्माण हेतु प्राप्त किये जाने वाले ऋण सम्बन्धी वित्तीय स्वीकृति के पश्चात निर्माणाधीन है

परन्तु उक्त 'बे' हेतु टी0डब्ल्यू0सी0 अनुमोदन वांछित है। समिति द्वारा क्षेत्र को निदेशित किया गया कि 'बे' सम्बन्धित प्रस्ताव (निष्पादित लागत प्राक्कलन अनुसार) को सम्मिलित करते हुए टी0डब्ल्यू0सी0 रिवीजन हेतु प्रस्ताव पारेषण कार्य अनुमोदन समिति के समक्ष आगामी टी0डब्ल्यू0सी0 बैठक हेतु प्रेषित करें।

अतः उक्त के दृष्टिगत क्षेत्र द्वारा पुनः प्रेषित प्रस्ताव पर समिति द्वारा निर्माण कार्य निम्नवत् अनुमोदित किया गयाः–

| **पारेषण कार्य अनुमोदन समिति की 13वीं योजनाकाल की 24वीं बैठक में दिनांक 30.01.2019 में अनुमोदित प्रस्ताव का विवरण।** | **संशोधित प्रस्ताव का विवरण** |
|---|---|
| 220/33 के0वी0 2x60, एम0वी0ए0 (Hybrid with SAS) उपकेन्द्र सतरिख रोड (जुग्गौर), लखनऊ का निर्माण (डबल मेन, ट्रान्सफर)<br>**अतिरिक्त 'बे' का प्राविधान**<br>220 के0वी0 परिवर्तक 'बे' – 2 अदद्<br>33 के0वी0 परिवर्तक 'बे' – 2 अदद्<br>33 के0वी0 फीडर 'बे' – 4 अदद् | –यथावत– |
| बाराबंकी (220) – सतरिख रोड (जुग्गौर), लखनऊ 220 के0वी0 डी0सी0 लाइन – 25 किमी0 | –यथावत– |
| चिनहट (220) – सी0जी0 सिटी (220) के0वी0 लाइन (Single Moose) का सतरिख रोड (जुग्गौर), लखनऊ पर लीलो का कार्य – 0.3 किमी0 | –यथावत– |
| आवंटित भूमि पर 11 के0वी0 वितरण लाइनों के विस्थापन का कार्य। | –यथावत– |
| | 220 के0वी0 उपकेन्द्र बाराबंकी पर 220 के0वी0 AIS 'बे' का निर्माण कार्य – 2 अद्द |
| **अनुमानित व्यय रू0 72.50 करोड़** | **#अनुमानित व्यय रू0 75.58 करोड**<br>**पूर्व अनुमानित व्यय रू0 72.50 करोड़**<br>**#संशोधन उपरान्त अतिरिक्त अनुमानित व्यय रू0 3.08 करोड़** |

**नोट** – *समिति ने क्षेत्र के अधिकारियों को निदेशित किया है कि टी0डब्ल्यू0सी0 अनुमोदन पश्चात ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाये एवं भविष्य में इस तरह के प्रकरण की पुनरावृत्ति न हो।*

(च) चर्चा हेतु अन्य कार्यः–

1– **765 के0वी0 उपकेन्द्र, दही चौकी, उन्नाव पर स्थापित स्पेयर 110 एम0वी0ए0आर0 लाइन रियेक्टर हेतु 765 के0वी0 सिंगल बस निर्माण के सम्बन्ध में :–**

उपरोक्त निर्माण कार्य के सम्बन्ध में समिति द्वारा निदेशित किया गया कि वर्तमान में विद्यमान 765 एवं 400 के0वी0 उपकेन्द्रों पर इस प्रकार के प्रकरण को समग्रता में समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

## वित्तीय वर्ष 2021–22 में अनुमोदित रू0 05 करोड़ से कम लागत के कार्य (कुल धनराशि रू0 63.26 करोड़) :–

| 01 अप्रैल, 2021 से दिनांक 13.08.2021 (13वीं योजनाकाल की 47वीं टी0डब्ल्यू0सी0 तक अनुमोदित रू0 29.11 करोड़ एवं पूर्व वित्तीय वर्ष 2020–21 में अतिरिक्त अनुमोदित रू0 34.15 करोड़ को सम्मिलित कर) तक अनुमोदित रू0 05 करोड़ से कम के कार्य की धनराशि | वर्तमान टी0डब्ल्यू0सी0 में प्रस्तावित, रू0 05 करोड़ से कम लागत के कार्य की कुल धनराशि | वित्तीय वर्ष 2021–22 में अनुमोदित, रू0 05 करोड़ से कम के कार्य की कुल धनराशि |
|---|---|---|
| रू0 63.26 करोड़ | रू0 0.00 करोड़ | रू0 63.26 करोड़ |

(अंजनी कुमार शुक्ला)
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पीएसएस)
एवं संयोजक सदस्य

(अनिल जैन)
निदेशक
(नियोजन एवं वाणिज्य) / (कार्य एवं परियोजना)
एवं सदस्य

(आर0 के0 श्रीवास्तव)
निदेशक (वित्त) एवं सदस्य

(ए0एस0 कुशवाहा)
निदेशक (एस0एल0डी0सी0) एवं सदस्य।

(वी0के0 खरे)
निदेशक (आपरेशन) एवं सदस्य

(पी0 गुरूप्रसाद)
प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं अध्यक्ष